# CLASS-IX 1st TERM EXAMINATION, AUGUST - 2024

# कक्षा - IX प्रथम सावधिक परीक्षा, अगस्त 2024

## HINDI (MT)

## मातृभाषा हिन्दी

1st TERM-2024



(समय : 1 घंटा 30 मिनट)

[ Time : 1 Hour 30 Minutes ]

विषय कोड/Sub. Code : **101**

( पूर्णांक : 50 )

[ Full Marks : 50 ]

*प्रत्येक प्रकार के प्रश्नों के अंतर्गत दिये गये निर्देशों का अनुसरण करें तथा उसके अनुसार उत्तर दें।*

### खण्ड – अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

*प्रश्न संख्या 1 से 30 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर नीला या काला बॉल प्वाइंट पेन से चिह्नित करें। किन्हीं 25 प्रश्नों के उत्तर दें।* *25 × 1 = 25*

1. 'भारत का पुरातन विद्यापीठ : नालंदा' शीर्षक पाठ की विधा है
   (A) कहानी (B) शिक्षाशास्त्र
   (C) निबंध (D) फीचर
2. 'ग्राम-गीत का मर्म' शीर्षक पाठ के लेखक हैं
   (A) शिवपूजन सहाय (B) लक्ष्मीनारायण सुधांशु
   (C) अमृतलाल नागर (D) राजेन्द्र प्रसाद
3. लेखक शिवपूजन सहाय रचित एकमात्र उपन्यास का क्या नाम है ?
   (A) स्वजयी (B) महाकाल
   (C) जुलूस (D) देहाती दुनिया
4. ग्राम-गीत की प्रकृति क्या है ?
   (A) स्त्रैण (B) मर्दाना
   (C) कर्कश (D) अशिष्ट
5. खड़ी बोली का प्रथम महाकवि होने का श्रेय किनको मिला है ?
   (A) रैदास को (B) गुरु गोविंद सिंह को
   (C) मंझन को (D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' को
6. 'धूर' शब्द का अर्थ है
   (A) निराले (B) धूलि
   (C) योगी (D) इनमें से कोई नहीं
7. गुरु गोविंद सिंह का जन्म कहाँ हुआ था ?
   (A) चर्नाढ़ी में (B) बनारस में
   (C) निजामाबाद में (D) पटना में
8. कवि मंझन ने प्रेम को संसार में किसके समान अमूल्य माना है ?
   (A) समुद्री नमक के समान (B) मीठे फलों के समान
   (C) अँगूठी के नगीने के समान (D) राजमुकुट के समान

9. भक्त कवि रैदास ने अपने आराध्य के समक्ष अपने आपको क्या माना है ?

(A) दीनहीन
(B) भयहीन
(C) महत्वपूर्ण
(D) शक्तिशाली

10. कवि रैदास की नजर में ईश्वर की पूजा-अर्चना के लिए चढ़ाए जाने वाले फल-फूल-जल कैसे हैं ?

(A) अनूठे हैं
(B) पवित्र हैं
(C) जूठे और गँदले हैं
(D) अमूल्य हैं

11. नालंदा के किस आचार्य ने सबसे पहले 749 ई० में तिब्बत में बौद्ध विहार की स्थापना की थी ?

(A) आचार्य कमलशील ने
(B) आचार्य पद्मसंभव ने
(C) आचार्य शीलभद्र ने
(D) आचार्य शांतिरक्षित ने

12. 'ग्राम-गीत का मर्म' शीर्षक पाठ के अनुसार कला-गीतों में पशु, पक्षी, लता-द्रुम आदि से जो प्रश्न पूछे गए हैं, उनके उत्तर में वे क्या बोले हैं ?

(A) वे प्रायः मौन रहे हैं
(B) वे मौन नहीं रहे हैं
(C) वे झूठ बोले हैं
(D) इनमें से कोई नहीं

13. जनेऊ संस्कार के गीतों में जनेऊ के अधिकारी कुमार को क्या कहा जाता है ?

(A) दूल्हा
(B) शिष्य
(C) बरूआ
(D) कृपालु

14. होली गायन के अंत में क्या गाया जाता है ?

(A) बिदाई-गीत
(B) लहरा
(C) बिरहा
(D) लोरिका

15. बेतिया के किस राजा ने ध्रुपद गायक चमारी मलिक और कंगाली मलिक को कुरुक्षेत्र के निकट से लिवा लाकर अपने दरबार में रखा था ?

(A) राजा नरसिंहदेव ने
(B) राजा उज्जैन सिंह ने
(C) राजा गज सिंह ने
(D) राजा हरेन्द्र किशोर सिंह ने

16. शास्त्रीय गायन के किस रूप के गायन में बनैली राज के कुमार श्यामानन्द सिंह ने सर्वाधिक प्रसिद्धि पाई ?

(A) ठुमरी गायन में
(B) ख्याल गायन में
(C) ध्रुपद गायन में
(D) धमार गायन में

17. 'ऊ' वर्ण का उच्चारण-स्थान है

(A) कंठ
(B) तालु
(C) मूर्द्धा
(D) ओष्ठ

18. निम्नलिखित में कौन अनुनासिक वर्ण है ?

(A) म
(B) ह
(C) ज्ञ
(D) स

19. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है

(A) असितत्व
(B) अस्तित्व
(C) अस्तीत्व
(D) अस्तिव

20. 'ग्राम' शब्द का विशेषण है

(A) ग्रामण (B) ग्रामीण

(C) ग्रामणी (D) ग्रामीणी

21. 'खाने की इच्छा' वाक्यखंड के लिए एक शब्द है

(A) जिगीषा (B) बंध्या

(C) बुभुक्षा (D) लिप्सा

22. 'मैंने आम खाया है' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल (B) भूतकाल

(C) भविष्यत काल (D) इनमें से कोई नहीं

23. शब्दों के बाद जो अक्षर या अक्षर समूह लगाया जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) उपसर्ग (B) संगम

(C) बलाघात (D) प्रत्यय

24. 'खुशबू' शब्द में उपसर्ग है

(A) खुश (B) खु

(C) शबू (D) बू

25. 'सरोवर' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) सरो + वर (B) सर + ओवर

(C) स + रोवर (D) सरः + वर

26. 'परीक्षा' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

27. जिन संज्ञाओं से एक ही प्रकार की वस्तुओं अथवा व्यक्तियों का बोध हो, उन्हें कहते हैं

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) जातिवाचक संज्ञा

(C) गुणवाचक संज्ञा (D) भाववाचक संज्ञा

28. 'हाथ मलना' मुहावरे का अर्थ है

(A) एक प्रकार की बीमारी (B) धूर्तता करना

(C) काफी प्रयत्न करना (D) पछताना

29. 'अमावस्या' शब्द का विलोम शब्द क्या है ?

(A) उदय (B) प्रकाश

(C) अकर्म (D) पूर्णिमा

30. 'सरस्वती' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) वागीशा (B) वारीश

(C) रमणी (D) सविता

## खण्ड – ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

### लघु उत्तरीय प्रश्न

1. ***निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें :*** ***5 × 2 = 10***

(i) मुंशीजी अपने बड़े भाई से कैसे उऋण हुए ?

(ii) इत्सिंग कौन था ? उसने नालंदा के बारे में क्या बताया है ?

(iii) ग्राम–गीतों में मानव जीवन के किन प्राथमिक चित्रों के दर्शन होते हैं ?

(iv) ज्ञानदान की विशेषता क्या है ?

(v) समुद्रगुप्त कौन थे ? वे किस वाद्य को बजाने में प्रवीण थे ?

(vi) संस्कार गीत किसे कहते हैं ?

(vii) कवि रैदास ने भगवान और भक्त की तुलना किन–किन चीजों से की है ?

(viii) कवि मंझन के अनुसार प्रेम की शरण में जाने पर जीव की क्या स्थिति होती है ?

(ix) कवि गुरु गोविंद सिंह के अनुसार ईश्वर ने मनुष्य को कैसी कृति के रूप में रचा है ? मनुष्य को खेमों में बाँटना उचित क्यों नहीं है ?

(x) 'पलक पाँवड़े' शीर्षक कविता में हवा के कौन–कौन से कार्य–व्यापार बताए गए हैं ?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

2. ***निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दें :*** ***3 × 5 = 15***

(i) नालंदा में किन पाँच विषयों की शिक्षा अनिवार्य थी ?

(ii) जीवन का आरंभ जैसे शैशव है, वैसे ही कला–गीत का ग्राम–गीत है । लेखक सुधांशु जी के इस कथन का क्या आशय है ?

(iii) बेतिया घराना का एक संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(iv) कवि 'हरिऔध' जी को किसकी उत्कंठित प्रतीक्षा है ? इसपर विचार कीजिए ।

(v) ''मलयागिरि बेधियो भुअंगा । विष अमृत दोऊ एकै संगा ।''

इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करें ।